# Sai Social Responsibility Research Centre

*104, B.D. Chamber, D.B. Gupta Road, Karol Bagh, New Delhi – 110005*

**साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर झुग्गी बस्ती में निःशुल्क कंप्यूटर कक्षाओं का आयोजन |**

**दिनांक :02|10|2025**

**समय:12 से 3**

**स्थल: सफदरजंग फ्लाईओवर**

**हर वर्ष 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पूरे देश में श्रध्दा और सम्मान के साथ मनाई जाती है। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाएँ और विद्यालय समाज हित में कई कार्यक्रमों' का आयोजन करते है। इसी कड़ी में इस वर्ष साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर ने एक अनूठी पहल करते हुए शहर की झुग्गी बस्ती क्षेत्र में निःशुल्क कंप्यूटर कक्षाओं का आयोजन किया। महात्मा गांधी के आत्मनिर्भर भारत को साकार करना था एवं इस पहल का उद्देश्य समाज के वंचित बच्चों, युवाओं और महिलाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना और उन्हें आधुनिक तकनीक से आत्मनिर्भर बनाना है।**



कार्यक्रम का शुभारंभ साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की निर्देशिका डॉ सुशी सिंह के संदेश द्वारा किया गया। इसके पश्चात हमने बच्चों को गांधी जी के जीवन से जुड़े आदर्शों के बारे में बताया कि "गांधी जी ने हमेशा शिक्षा, समानता और आत्मनिर्भर पर बल दिया था। वर्तमान समय में कंप्यूटर शिक्षा आत्मनिर्भर  बनने का सबसे महत्त्वपूर्ण साधन है। यदि गरीब और पिछड़े तबके के बच्चे इस शिक्षा से जुड़ेंगे तो समाज की प्रगति को और गति मिलेगी।

प्रशिगण कक्षाओं का संचालन अनुभवी शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने किया। छोटे बच्चों को कंप्यूटर का परिचय, की-बोर्ड और माउस का प्रयोग टाइपिंग और पेंट सॉफ्टवेयर को माध्यम से चित्र बनाने जैसी गतिविधियाँ  सिखाई गई। वहीं, युवाओं और वयस्क प्रतिभागियों को इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, ई-मेल बनाना, ऑनलाइन फार्म भरना, डिजिटल लेन देन की प्रक्रिया, शिक्षा संबंधी वेबसाइटों और सरकारी सेवाओं को अनिलाईन पोर्टल की जानकारी दी गई।

महिलाओं ने भी इसमें सक्रिय भागीदारी की। उन्हें ऑनलाइ बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और आधार से जुड़ी सुविधाओ के प्रयोगा की जानकारी दी गई, ताकि वे भी आधुनिक तकनीक का लाभ उठा सकें। इससे महिलाओं के सशक्तिकरण और परिवार की आर्थिक प्रीति में भी मदद मिलेगी।

कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक दृश्य तब देखने को मिला जब झुग्गी वस्ती के कई बच्चे पहली बार कंप्यूटर के सामने बैठे। उनके चेहरे पर उत्साह और जिज्ञासा साफ झलक रही थी। कई बच्चों ने कहा कि वे हमेशा से कंप्यूटर सीखना चाहते थे लेकिन साधनों की कमी के कारण ऐसा संभव नहीं हो पाया। इस पहल से उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिला है।



कार्यक्रम में झुग्गी-बस्ती के सैकड़ों बच्चों और महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने साई सोशल रिस्पंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की पहल को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर प्रतिभागियो के लिए जलपान भी उपलब्ध कराया गया, ताकि सभी बच्चों और युवाओं का मनोबल और बढ़े। खाने वो साथ ही कार्यक्रम में डॉ. सुशी सिंह की ओर से उत्तीर्ण बच्चों को पुरुस्कार वितरित किया गया । पुरस्कार देकर उनकी मेहनत और उत्साह की सराहना की गई ।

क्रार्यक्रम के अंत में साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की निर्देशिका डाँ सुशी सिंह की और से यह घोषणा की गई ये कि निःशुल्क कक्षाएँ निरंतर रूप से 6 सप्ताह के लिए चलेगी। इसके पश्चात साई सोशल रिस्पंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर ने ये भी घोषणा आगे चलकर भविष्य में झुग्गी-बस्तियों में नियमित रूप से निःशुल्क कंप्यूटर कक्षाएँ आयोजित की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक लोग डिजिटत शिक्षा का लाभ उठा सकेंगे। बच्चों और युवाओ ने इस पहल के लिए आयोजकों का धन्यावाद क्रिया।



